आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक :20.05.2025 समय : 02.10PM

कैबिनेट बैठक

इंदौर के ऐतिहासिक स्थल राजवाडा पर आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक हो रही है। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर निर्णय होना है। बैठक की शुरुआत वंदे भारत के गान के साथ हुई। इसके पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लालबाग पैलेस के जीर्णोद्धार एवं उद्यान पुनर्विकास के लिए 47.59 करोड़ रूपये लागत के कार्यों का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने होलकर राजवंश के संस्थापक सूबेदार मल्हारराव होलकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने लालबाग पैलेस का भ्रमण भी किया, जहां उन्होंने महल की ऐतिहासिक संरचना और सौंदर्य का अवलोकन किया। लालबाग में विकास कार्य मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा किया जाएगा। कार्य की समयसीमा 24 माह निर्धारित की गई है।

पीएम अमृत भारत स्टेशन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 मई को राजस्थान में बीकानेर के देशनोक से एक सौ तीन अमृत भारत स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत इन स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त कर सिटी सेंटर के रूप में फिर से विकसित किया गया है। यहां क्षेत्रीय संस्कृति और विरासत को दर्शाया जाएगा।

इनमें प्रदेश का नर्मदापुरम का रेलवे स्टेशन भी शामिल इसमें 26 करोड़ रुपए से अधिक की लागत में इसका कायाकल्प किया गया है। नई सौगात के रूप में फुट ओवर ब्रिज, आकर्षक प्रवेश द्वार, हाई मास्ट लाइटिंग, प्रतीक्षालय, मॉर्डन टॉयलेट, और दिव्यांगजन के लिए रैंप जैसी सुविधाएं यात्रियों को मिलेंगी। इसके

अलावा कटनी साउथ स्टेशन, ओरछा और सिवनी स्टेशन भी शामिल है।

शिवराज-कुलपति सम्मेलन

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज राष्ट्रव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान में शामिल होने के लिए कुलपतियों, प्रोफेसरों और विद्यार्थियों को प्रेरित किया। यह अभियान 29 मई से शुरू होने जा रहा है। नई दिल्ली में कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के निदेशकों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि सरकार का मुख्य फोकस विज्ञान आधारित कृषि रूपांतरण को बढ़ावा देने पर है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की कल्पना कृषि के विकास के बिना संभव नहीं है।

राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा

हमारे लिए राष्ट्र प्रथम है और देशभक्ति से बढ़कर कुछ नहीं। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने इस बात को साबित भी किया है। अब आकाशवाणी भोपाल आपको मौका दे रहा है अपनी देशभक्ति की भावनाओं को जाहिर करने का...। प्रादेशिक समाचार एकांश भोपाल द्वारा राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा नाम से एक कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम में आप अधिकतम 40 सेंकड का एक वीडियो संदेश बनाकर देश के प्रति अपनी भावनाओं का इजहार कर सकते हैं। इस संदेश को रिकार्ड कर हमारे वाट्सप नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और स्थान के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को रोज अपने समाचारों, समसामयिक कार्यक्रमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा करेंगे। नंबर एक बार फिर सुन लीजिए 94065 23035।
आईये अब सुनते हैं राजगढ़ के पप्पूलाल विश्वकर्मा का ये संदेश।

ऑपरेशन सिंदूर

धार के जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित महत्वपूर्ण विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान एक स्वर में “ऑपरेशन सिंदूर” की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते

हुए भारतीय सेना एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने औपचारिक रूप से धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।

प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की अध्यक्षता में हुई बैठक में कहा गया कि ऑपरेशन सिंदूर ने देश की सैन्य शक्ति, रणनीतिक दक्षता और नेतृत्व की निर्णायक क्षमता को एक बार फिर सिद्ध किया है। इस सफल अभियान ने देशवासियों में गर्व और आत्मविश्वास का संचार किया है। धन्यवाद प्रस्ताव में विशेष रूप से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और सेना के अदम्य साहस की सराहना करते हुए कहा गया कि भारत की रक्षा के लिए किया गया यह अभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा बना रहेगा।

संक्षिप्त समाचार

- नर्मदापुरम जिले में आयुष विभाग द्वारा चलाई जा रही देवारण्य योजना के अंतर्गत किसानों को अश्वगंधा की खेती का प्रशिक्षण दिया गया।
- गुना जिला कलेक्टर एवं पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से जनसुनवाई कर नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है
- मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा रुक जाना नहीं योजना के तहत 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में फेल विद्यार्थियों को एक अवसर प्रदान किया जा रहा है।
- आईपीएल क्रिकेट में आज शाम दिल्ली के अरूण जेटली स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा।